अध्याय 8
ऐसे थे बापू

इन शब्दों के अर्थ लिखिए-

असहयोग- एक जन आंदोलन जिसे महात्मा गांधी ने चलाया था। अध्यात्मिक -ईश्वर पर विश्वास रखने वाला। अन्याय -दूसरों के साथ बलपूर्वक किए जाने वाला कार्य ।सत्याग्रह- सत्य के लिए आग्रह करना। इनकार - किसी काम को करने से मना कर देना।

सही उत्तर पर सही का निशान लगाओ

1.गांधी जी का पूरा नाम क्या था ?

क. अशोक गांधी ख. नरेशचंद गांधी ग. मोहनदास करमचंद गांधी

2.गांधी जी का जन्म कब हुआ ?

क. 2अक्टूबर 1869 में गुजरात के पोरबंदर में ।

ख. 4अक्टूबर 1879उड़ीसा में ।

ग. 3अक्टूबर 1878बिहार पटना में ।

3.गांधी जी के पिता जी का क्या नाम था ?

क. करमचंद गांधी ख. कृष्ण चंद्र ग.मुकुल चंद्र गांधी

4.गांधी जी की माता का क्या नाम था ?

क. मीराबाई ख. पुतली बाई ग. मुन्नी बाई

5.गांधी जी का विवाह कितने वर्ष में हुआ

क.12 वर्ष ख. 13 वर्ष ग. 14 वर्ष

6.गांधी जी की पत्नी का क्या नाम था ?

क. स्तूरबा गांधी ख. सुभद्रा गांधी ग. सुमित्रा गांधी

रिक्त स्थानों की पूर्ति करें-

गांधीजी,महात्मा,दक्षिणअफ्रीका,
बापू, अध्यात्मिक,विराजमान

1. महात्मा गांधी भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के प्रमुख राजनैतिक <u>आध्यात्मिक</u> नेता थे।

2.अपने पूरे जीवन काल में <u>गांधीजी</u> अनेक बार जेल गए ।

Scanned with CamScanner

3.आज भी लोगों के दिलों दिमाग में गांधी जी विराजमान हैं।
4.रविंद्र नाथ टैगोर ने गांधी जी को महात्मा की उपाधि दी ।

5.सरदार वल्लभ भाई पटेल ने गांधी जी को बापू के नाम से संबोधित किया ।
6. दक्षिण अफ्रीका में गांधी जी को भेदभाव का सामना करना पड़ा ।

इन प्रश्नों के उत्तर लिखिए

1.असहयोग आंदोलन का क्या अर्थ है?
उत्तर-असहयोग आंदोलन का अर्थ है -सत्य अहिंसा और शांति पूर्ण ढंग से लड़ाई लड़ना ।
2.असहयोग आंदोलन को किसने चलाया था?
उत्तर-असहयोग आंदोलन को महात्मा गांधी ने चलाया था यह प्रथम जन आंदोलन था ।
3. असहयोग आंदोलन का मुख्य उद्देश्य क्या है
उत्तर- असहयोग आंदोलन का मुख्य उद्देश्य विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार करनाऔर स्वदेशी वस्तुओं को अपनाना।
4.गांधी जी को किसने गोली मारा ?
उत्तर गांधी जी को नाथूराम गोडसे ने गोली मार कर हत्या कर दी ।
5.गांधी जी ने कौन सा नारा दिया था?
उत्तर गांधी जी ने करो या मरो का नारा दिया ।
6 .सन् 1930 में गांधी जी ने कौन से कर का विरोध किया?
उत्तर- सन् 1930 में गांधी जी ने नमक पर लगाऐं जाने वाले कर का विरोध किया ।
7.भारत छोड़ो आंदोलन क्यों चलाया गया था
उत्तर- गांधीजी ने भारत देश को आजाद करने के लिए भारत छोड़ो आंदोलन चलाए थे ।
8.गांधीजी को ट्रेन से बाहर क्यों फेंक दिया गया था
उत्तर- दक्षिण अफ्रीका की यात्रा के समय गांधी जी के पास प्रथम कोच का टिकट था लेकिन गोरे-काले भेद के कारण उन्हें तीसरे श्रेणी के डिब्बे में बैठ जाने के लिए कहा गया जिसका उन्होंने इनकार किया तो उन्हें ट्रेन से बाहर फेंक दिया गया ।

दिए गए शब्दों से वाक्य बनाओ-
अहिंसा, कानून, हिंदू - मुस्लिम, दांडी यात्रा, आंदोलन

Scanned with CamScanner

1.अहिंसा- सत्य और अहिंसा गांधी जी का मुख्य शस्त्र था ।
2.कानून- गांधी जी ने नमक कानून तोड़ा।
3.दांडी यात्रा- सन 1930 में गांधी जी ने दांडी यात्रा की ।
4.हिंदू-मुस्लिम- हिंदू- मुस्लिम लड़ाई रोकने के लिए भारत और पाकिस्तान का बंटवारा किया गया।
5.आंदोलन- गाँधी जी के नेतृत्व मे चलाया जाने वाला यह प्रथम जन आंदोलन था।

दिए गए शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखो-
अवगुण,ईश्वर, प्रेम,ध्वज

क. अवगुण- कमी बुराई,दोष ।
ख. ईश्वर -भगवान ,परमात्मा ,प्रभु ।
ग. प्रेम- प्यार, अनुराग ,प्रीति,।
घ. ध्वज ,झंडा ,पताका ,केतु ।

इन शब्दों के विलोम शब्द लिखो-
सचेत, गुरु ,उन्नति, अनुराग, आदान ,आशावादी

क.सचेत -अचेत ख. गुरु -शिष्य .
ग.उन्नति - अवनति घ.अनुराग -विराग
ड.आदान -प्रदान च. आशावादी -निराशावादी

दिए गए वाक्यों में से गुणवाचक विशेषण को रेखांकित करें-
छोटी सी, विदेशी, विख्यात, परिश्रमी, भारतीय

क. 14 वर्ष की छोटी सी आयु में गांधीजी का विवाह हो गया था। ख.उन्होंने विदेशी विश्वविद्यालय में बैरिस्टर की डिग्री प्राप्त की।
ग.गांधी जी भारत के साथ पूरे विश्व में विश्व विख्यात थे।
घ.परिश्रमी व्यक्ति ही सफलता प्राप्त कर सकता है।
ड. दक्षिण अफ्रीका में उस समय भारत मूल के लोगों को निम्न वर्ग का समझा जाता था

Scanned with CamScanner